दिनांक 22.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 77वां गणतंत्र दिवस

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में 77वां गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके पूर्व निगम क्षेत्र में स्थापित महापुरूषों के प्रतिमाओं, प्रमुख चौक–चौराहो का साफ–सफाई कराया जा रहा है। 26 जनवरी 2026 को निगम मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल द्वारा निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के उपस्थिति में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा। शहीद उद्यान सेक्टर 5 में प्रातः 8.30 बजे महापौर द्वारा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की उपस्थिति ध्वजारोहण किया जावेगा। अनुविभाग कार्यालयों में प्रातः 7:30 बजे जोन समिति के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्य कार्यालय के ध्वजारोहण में सभी अधिकारीध्कर्मचारी शामिल होगें।